>

Title: Need to provide manned railway crossings in Amreli Parliamentary Constituency and undertake repair works of all the railway crossings in the region.

श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरेली जिला में रेलवे की समस्या को लेकर आकृष्ट करना चाहूँगा कि आजादी के 63 साल बाद भी हमारे गुजरात के विशेषकर सौराष्ट्र के जिलों में रेलवे की बहुत ही दयनीय स्थिति है। मेरे संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक रेलवे क्रॉसिंग के सामने वाले रास्तों में एक-एक फुट के गड्ढे हो गये हैं और गिट्टियां रोड के ऊपर बिखरी पड़ी हुई है। सुरक्षा नाम की वस्तु नहीं है जिससे लोगों को क्रॉसिंग पार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और यहां तक कि छोटी गाड़ियों को भी आने-जाने में काफी परेशानी होती है। यहां थोड़ी सी भी असावधानी से कभी भी दुर्घटना घट सकती है।

महोदया, मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूँगा कि हमारे संसदीय क्षेत्र के हर रेलवे क्रॉसिंग को जल्द से जल्द मरम्मत की जाए ओर एक उपयुक्त रेलवे फाटक की व्यवस्था की जाए जहां पर एक सुरक्षाकर्मी तैनात हो और ट्रेन की सूचना के अनुसार गेट सुरक्षापूर्वक खोलने और बंद करने की व्यवस्था हो ताकि लोगों को क्रॉसिंग पार करने में कोइ परेशानी न हो।